कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-30.03.2025

विषय:- थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा वाहन चोरी के मामले में एक बाल अपचारी समेत कुल 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गयी 01 अदद बाइक बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 0137/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त आरजू दुबे पुत्र चन्द्रबली दुबे निवासी प्रेमनगर गहुरा थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-30.03.2025 को समय करीब 02.55 बजे फन्टासिया अंडर पास चांदमारी से गिरफ्तार किया गया तथा 01 नफ़र बाल अपचारी, उम्र करीब 16 वर्ष को पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया। अभियुक्त/बाल अपचारी के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल हीरो स्पेलेण्डर प्लस को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 29.03.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने नटिनियां दाई चांदमारी पलाइवूड की दुकान पर खड़ी उनकी मोटर साइकिल स्प्लेंडर UP54B8800 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लेने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना शिवपुर में मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत हुआ जिसकी विवेचना उ0नि0 पवन कुमार यादव द्वारा सम्पादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त आरजू दुबे व बाल अपचारी ने पूछताछ करने पर बताया कि यह मोटरसाइकिल हम दोनों ने मिलकर नटिनियादाई मन्दिर पानी की टंकी के पास से कुछ दिन पहले चुराया था और आज इसे बेचने की फिराक में हम लोग शहर से बाहर लेकर जा रहे थे कि आप लोगों ने हमें पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त/बाल अपचारी का विवरण-

1- आरजू दुबे पुत्र चन्द्रबली दुबे निवासी प्रेमनगर गहुरा थाना चोलापुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 21 वर्ष।
2- बाल अपचारी, उम्र करीब 16 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल हीरो स्पेलेण्डर प्लस रंग नीला जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर UP54B8800, चेसिस नम्बर 02C20F15531 व इन्जन नम्बर 02C18E01445 बरामद।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- फन्टासिया अंडर पास चांदमारी से, दिनांक-30.03.2025 को समय करीब 02.55 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0137/2025 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 पवन कुमार यादव, उ0नि0 सत्यम तिवारी, हे0का0 शिवांक सिंह व का0 अजीत कुमार थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।